# ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

Rohilkhand Medical College Campus Pilibhit Bypass Road, Bareilly. (U.P.) 243006 INDIA
Phone : 0581-2526011, 2526012 (EPABX) Fax : 0581-2526054, 2303345
e-mail : info@rmcbareilly.com, www.rmcbareilly.com


Ref. No. RCN/3025/2025

Date: 05.06.2025

## राष्ट्रीय स्वंय सेवा योजना, द्वितीय इकाई

### विश्व पर्यावरण दिवस 2025

बरेली इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखण्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बरेली की (एन०एस०एस०) राष्ट्रीय स्वंय सेवा योजना (प्रथम इकाई) के स्वंयसेवकों द्वारा आज दिनांक 05.06.2025 को विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन कार्यक्रम अधिकारी श्री आनन्द प्रकाश, नर्सिंग ट्यूटर (आर०सी०एन०) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० प्रियंका ए मसीह एवं उप–प्रधानाचार्या डॉ० अनीता पी० रोहिलखण्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बरेली के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री तसलीम खान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बरेली मौजूद रहे। प्रधानाचार्या डॉ० प्रियंका ए मसीह एवं उप–प्रधानाचार्या डॉ० अनीता पी० ने विद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण किया और विद्यार्थियो को विश्व पर्यावरण दिवस का महत्व व विषय **"वैश्विक प्लास्टिक को समाप्त करना" "Ending Global Plastic Pollution"** को समझाया और जागरूक किया। इस वर्ष की थीम का उद्‌देश्य हमारे पर्यावरण के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक प्लास्टिक प्रदूषण पर ध्यान केंद्रित करना और पारिस्थितिक तंत्र पर प्लास्टिक कचरे पर विनाशकारी प्रभाव को उजागर करना और स्थायी समाधानों की दिशा में सामूहिक प्रयासों को एकजुट करना है।

कार्यक्रम के अवसर पर वृक्षारोपण एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्री आनन्द प्रकाश ने स्वंयसेवियो के साथ मिलकर ग्राम – आसपुर, नवाबगंज, बरेली का भ्रमण

AR- for HA. 6/6/25

किया। स्वंयसेवियों ने गाँव के तालाबों, गलियों और प्राथमिक विद्यालय के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ–सफाई की तथा गाँव में वृक्षारोपण किया। स्वंयसेवियों के द्वारा ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में श्रीमती प्राची मिश्रा, नर्सिंग ट्यूटर तथा अन्विता स्टेनली, नर्सिंग ट्यूटर मौजूद रहे।













5/06/2025

कार्यक्रम अधिकारी

प्रधानाचार्या

05/06

Principal
Rohilkhand College of Nursing
Bareilly